# सीएम योगी ने मनाया जीत का जश्न

## कहा: असम-बंगाल और पुडुचेरी में बढ़त पीएम के प्रति जन-विश्वास की प्रतीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच राज्यों के चुनाव परिणामों को पीएम मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश नए भारत के संकल्प को मजबूत करेगा और भाजपा की नीतियों पर लोगों का भरोसा दर्शाता है।

राजधानी स्थित भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल है वहां कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा की जीत का जश्न मान रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पीएम मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर जश्न का माहौल देखने को मिला।बंगाल चुनाव में मिली जीत की खुशी में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के साथ मिलकर कार्यकर्ताओं संग उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यालय परिसर में जमकर पटाखे छोड़े गए और मिठाइयां बांटी गईं। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और पार्टी के पक्ष में नारेबाजी भी की। नेताओं ने इस जीत को संगठन की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत बताते हुए कहा कि यह परिणाम देशभर में पार्टी के बढ़ते जनसमर्थन का संकेत है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदा. धिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनम खुशी साफ नजर आई।



■ यह जनादेश नए भारत के संकल्प को मजबूत करेगा और भाजपा की नीतियों पर लोगों का भरोसा दर्शाता है, राजधानी स्थित भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल

## संक्षिप्त समाचार

### कालपी में भीषण सड़क हादसा, छह मरे चार गंभीर

**जालौन।** जिले के कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार एसयूवी के अज्ञात वाहन से टकराने से उसमे सवार छह लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी हताहत अयोध्या में खंडित मूर्ति विसर्जित कर अपने घर लौट रहे थे कि उनकी कार कालपी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर भारत गैस गोदाम के सामने कार किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने स्वामी प्रसाद तिवारी (68) पुत्र धर्मदास तिवारी, देशराम नामदेव (38) पुत्र द्वारका नामदेव, शशिकांत तिवारी (49) पुत्र उत्तम तिवारी, मनोज भोडले (39) पुत्र ओमप्रकाश, उमेश तिवारी (23) पुत्र गोपाल तिवारी तथा कृष्णकांत नायक (40) पुत्र बाबूलाल नायक को मृत घोषित कर दिया।

### मनीष सिंह हत्याकांड के पांच आरोपियों पर अब 50-50हजार रुपये का इनाम

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मनीष सिंह हत्याकांड की वजह से सुर्खियां बनी हुई हैं। फूलपुर थाना क्षेत्र के घमहापुर गांव में 26 अप्रैल की रात को दोना-पत्तल के कारोबारी मनीष सिंह की मामूली विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार अभियुक्तों मनोज प्रजापति, हरिश्चंद्र राजभर, योगेंद्र प्रजापति एवं अभिषेक उर्फ बुद्धू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने फरार चल रहे इन अभियुक्तों पर इनाम की राशि 25-25 हजार से बढ़ाकर 50-50 हजार कर दी है।

### मस्जिद हटाने के मामले में जमीन तलाशी तक यथास्थिति बरकरार

**प्रयागराज।** जंक्शन के गेट पर बनी मस्जिद को हटाने के मामले में हाईकोर्ट ने अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने याची को मस्जिद के लिए वैकल्पिक जमीन तलाशने को कहा है। साथ ही रेलवे को भी इस प्रक्रिया में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जब तक नई जमीन की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक मौजूदा स्थिति यथावत बनी रहेगी। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 15 मई की तारीख निर्धारित की है।

# पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद और पूर्व मेयर डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार को निधन हो गया। वह काफी दिनों बीमार चल रहे थे। उनकी अंत्येष्टि मंगलवार को सुबह प्रयागराज में होगी। उनके निधन की खबर से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीपी जोशी के निधन पर शोक जताया है।

भाजपा की पूर्व सांसद और यूपी की पूर्व कैबिनेट मंत्री रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार सुबह लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। इसकी जानकारी खुद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने एक्स अकाउंट पर दी। उन्होंने लगभग सुबह 7 बजे अंतिम सांस ली। निधन का समाचार मिलते ही परिजनों के साथ ही पार्टी और उनके समर्थकों में भी शोक की लहर दौड़ गई। रीता बहुगुणा जोशी ने भी फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा-बड़े दुख के साथ आप सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे पति पी.सी. जोशी का आज दिनांक चार मई को प्रातः सात बजे एसजीपीजीआई, लखनऊ में आकस्मिक निधन हो गया है। आज शाम चार बजे हम प्रयागराज पहुचेंगे। अंत्येष्टि कल सुबह प्रयागराज में होगी। परिजनों के मुताबिक पीसी जोशी पिछले काफी समय से बीमार थे, और उनका एसजीपीजीआई लखनऊ में चल रहा था। सोमवार सुबह उनकी तबियत अचानक बिगड़ी और फिर संभल नहीं पाई। जिसके चलते उनका निधन हो गया। पूर्व सांसद के पति पीसी जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर थे।

# किसानों की सुध लें अधिकारी: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम के अचानक बदले मिजाज के बीचआई आंधी तूफान और बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ जिसके चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ संदेश दिया है।

उन्होंने अधिकारियों से साफ कहा कि वह फील्ड में उतरे और स्थिति का जय-जय दें क्योंकि अब सारे काम जमीनी स्तर पर किए जाएंगे यदि किसी अधिकारी की कोई शिकायत मिली तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आंधी-बारिश से प्रभावित इलाकों को लेकर सीएम ने अधिकारियों को सीधे फील्ड में उतरने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी तय कर दिया कि किसी भी पीड़ित को 24 घंटे से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सोमवार सुबह लखनऊ समेत कई जिलों में तेज आंधी और बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। कहीं पेड़ गिरे, कहीं बिजली ठप हुई, तो कई जगह सड़क हादसे भी सामने आए। इस स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रशासन को अलर्ट किया। उनका फोकस साफ हैकृनुकसान कम से कम हो और राहत सबसे तेज पहुंचे। सीएम योगी ने कहा कि हर जिलाधिकारी खुद मैदान में नजर आए।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि दफ्तर में बैठकर समीक्षा करने से काम नहीं चलेगा। अधिकारी मौके पर जाएं और जनहानि, पशुहानि या किसी भी तरह का नुकसान हुआ हो, मुआवजा 24 घंटे के भीतर दिया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि इसमें किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। खराब मौसम का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ा है।

### जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी समस्याएं

**लखनऊ।** सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण का अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त हिताय दी कि वह समय पर समस्याओं का निस्तारण करें किसी तरह की ढलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। बच्चों की पढ़ाई, युवाओं की नौकरी और अवैध कब्जे जैसे मुद्दों पर उन्होंने साफ और सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर सही समस्या का समाधान कराया जाएगा और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनता दर्शन में कई अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। कुछ बच्चों का अभी स्कूल में दाखिला नहीं हुआ था। इस पर मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से साफ कहा कि बच्चों को जरूर पढ़ाएं। उन्होंने बताया कि पिछले 9 साल में प्रदेश में शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है। सरकारी स्कूलों में अब सुविधाएं बढ़ी हैं।

# अजय राय का हाल जानने मेदांता पहुंचे मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली

**लखनऊ।** मेदांता अस्पताल में शाही इमाम ईदगाह, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, शिया मरकज़ी चांद कमेटी के अध्यक्ष और प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी तथा आल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास साहब ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय-पूर्व मंत्री से भेंट कर उनका कुशल-क्षेम जाना तथा सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए खुदा से दुआ की।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री मुईद अहमद, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, श्री अरशद आज़मी जी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रेम, भाईचारे और समावेशी राजनीति की पक्षधर है, और समाज के सम्मानित स्तंभों का यह समर्थन हमारे संघर्ष को नई ऊर्जा देता है। समाज के प्रबुद्ध जनों का यह प्रेम और अपनत्व कांग्रेस की समावेशी और भाईचारे वाली राजनीति की शक्ति है। राय ने कहा कि यह मुलाकात गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की परंपरा का प्रतीक है, जिसे संजोने को कांग्रेस सदैव प्रतिबद्ध रही है।



# गोवंशों का टीकाकरण व इयर टैगिंग के निर्देश

**.शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर बैठक किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित घूम रहे गोवंशों को स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह किसानों से संपर्क कर गोवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा दान करने के लिए आग्रह करें। बैठक में जिलाधिकारी ने नवीन गौशालाओं के निर्माण की भी समीक्षा किया एवं शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व उनके भरण-पोषण को लेकर मुख्यमंत्री एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही जिला. धिकारी ने कहा कि निजी पशुपालकों के गोवंशों का अनिवार्य रूप से अभियान चलाकर ईयर टैगिंग कर उन्हें पशुधन पोर्टल पर पंजीकृत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीके शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





### श्रमिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**प्रयागराज।** बंद पड़ी मेजा कताई मिल के श्रमिकों ने कई मांगों को लेकर मेजारोड के बीएनटी इंटर कालेज में बैठक की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग जल्द ही पूरी नहीं की जाती है तो वह बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। श्रमिकों ने उप्र टेक्सटाइल्स मजदूर संघ के बैनर तले बैठक कर कहा कि बंद पड़ी मेजा कताई मिल की बिल्डिंग भी जमींदोज कर दी गई लेकिन श्रमिकों के बकाये वेतन का भुगतान नहीं किया गया। उपाध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि श्रमिकों से अन्याय किया जा रहा है। बैठक में कौशलेश प्रसाद मिश्र, सुशील कुमार शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, हरिकृष्ण, घनश्याम, रामधारी, रामकिशन मौजूद रहे।

# मुस्लिम बंजारा समाज ने प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

**इन्हौना अमेठी।** पश्चिम बंगाल और असम में मिली प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में मुस्लिम बंजारा समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया।

इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अब्दुल गनी बंजारा, राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष, आल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच तथा डी.एन.टी. प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति रही। उनके नेतृत्व में समाज के लोगों ने जीत की खुशी मनाते हुए इसे देश के विकास और समाज के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।अब्दुल गनी बंजारा ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत जन-जन के विश्वास और विकास की नीतियों की विजय है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह एकजुट होकर समाज और देश की प्रगति के लिए कार्य करते रहना चाहिए।इस दौरान उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में भी ऐसे ही कार्यों में भाग लेने का संकल्प लिया।

# आवेदन की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**प्रयागराज।** दूरस्थ डीएलएड अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 की आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें आवेदन का समय भी कम मिला साथ ही सर्वर की दिक्कत के कारण भी कठिनाई हुई

अभ्यर्थियों का कहना है कि दूरस्थ डीएलएड अभ्यर्थियों को टीईटी 2026 में शामिल करने के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आयोग की ओर से समय पर व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं किया गया। आयोग ने 2 मई की शाम को अखबारों में प्रकाशन के लिए विज्ञप्ति जारी की, जिसमें तीन मई तक आवेदन की अंतिम तिथि होने की बात कहीं गई। इस कारण हजारों अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पाए हैं। अभ्यर्थियों ने आवेदन की समय सीमा कम से कम तीन दिन बढ़ाने की मांग की है। देवरिया से पवन पाठक, जौनपुर से अश्वनी, वाराणसी से मनीष, गोरखपुर से सीमा आदि का कहना है कि रविवार की सुबह उन्हें जानकारी हुई, लेकिन सर्वर ही नहीं चल रहा है। उधर, आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश से आच्छादित अभ्यर्थियों के लिए आयोग की वेबसाइट 30 अप्रैल को ही खोल दी गई थी। किसी भी पात्र अभ्यर्थी को वंचित न रहना पड़े, इसके लिए 2 मई को विज्ञप्ति जारी की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आवेदन उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। शुभम कुमार शुक्ला व 36 अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य याचिका से जुड़ा है।

# प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा नौ मई 2026 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर श्री अभय प्रताप सिंह प्रथम नोडल आफिसर लोक अदालत एडीजे व श्रीमती प्रदीप्ति सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया जाएगा। जनमानस से अनुरोध है आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रदान की।





### एजेंसी मालिक की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

**जगदीशपुर।** सरकार जहां एक तरफ गैस एजेंसियों पर व्याप्त भ्रष्टाचार रोकने के लिए आला अफसरों को आए दिन कडे फरमान जारी करती रहती है, तो वहीं एजेंसी मालिक की मनमानी के चलते केंद्र पर भ्रष्टाचार का बोलबाला कायम है जिसके चलते उपभोक्ता परेशान हैं। महालक्ष्मी भारत गैस एजेंसी जहां सिलेंडर के लिए उपभोक्ता भोर समय से ही लाइनों में लग कर इंतजार करते रहते हैं भीड जमा हो जाने पर कर्मचारी अंदर से गेट बंद कर लेते हैं गैस सिलेंडर के लिए लाइन मे खडे लोग कई घंटों तक इंतजार करते रहते हैं चहेतों को सिलेंडर देने के बाद शेष उपभोक्ताओ को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सिलेंडर खत्म हो गए।

# खंभा टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी जगदीशपुर।** ब्लॉक, जनपद अमेठी के ग्राम व पोस्ट मंगौली में 1 मई को आए आंधी-तूफान के चलते एक बिजली खंभा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, टूटा हुआ खंभा ग्राम सभा के अंतिम घर के पास स्थित है और उसके आगे कोई कनेक्शन नहीं है। ऐसे में पूरे गांव की लाइन बंद होना आवश्यक नहीं है। मौके पर एबीसी द्ध।ठब्ब्ऋ वायर जमीन पर पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है।ग्रामीणों की मांग है कि टूटे खंभे वाले हिस्से का कनेक्शन अस्थायी रूप से काटकर या उसे पहले वाले खंभे पर सुरक्षित रूप से व्यवस्थित कर दिया जाए, ताकि बाकी पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति तत्काल चालू की जा सके। खंभे का स्थायी मरम्मत कार्य बाद में भी किया जा सकता है।गर्मी के इस मौसम में बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य और दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आज आवश्यक जरूरत बन चुकी है, और लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने से नुकसान बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र निर्णय लेकर आंशिक रूप से ही सही, लेकिन पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बहाल करने की अपील की है।



# बसों की स्थाई व्यवस्था न होने से यात्री परेशान

**सफीपुर (उन्नाव)।** तहसील मुख्यालय को देश की राजधानी से जोड़ने के लिए तो परिवहन निगम की बहुत सी बसे हैं परंतु प्रदेश मुख्यालय तक जाने के लिए कोई स्थाई व्यवस्था न होने के कारण सैकड़ों यात्रियों को भरी असुविधा का सामना करना पड़ता है, जिससे दैनिक यात्रियों सहित सभी यात्रियों में भारी रोष देखा जा सकता है

तहसील मुख्यालय सफीपुर से लखनऊ के लिए प्रतिदिन सैकड़ों यात्री सफर करते हैं जिनमें व्यापारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, एम मरीज आदि शामिल हैं जिनके लिए परिवहन निगम द्वारा एक बस का अस्थाई संचालन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है जो आए दिन खराब रहती है या सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भेज दी जाती है जिसका नियमित संच. ालन न होने के कारण यात्री परेशान रहते हैं। वैसे तो उस बस का संचालन दिन में दो बार होता है परंतु बस में तकनीकी खराबी के चलते सप्ताह में केवल 2 या 3 दिन ही दो बार संचालन हो पता है। दैनिक यात्रियों में नबी हैदर, अनुज सिंह, रफीक मुमताज, इकबाल अहमद, मजहर अब्बास, रोहित सिंह, दीपक तिवारी आदि ने बताया बसों का नित्य संचालन न होने के कारण लोगों का परिवहन निगम की इस बस से विश्वास उठता जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

